दिनांक-26.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, पटना उपभाग के साथ हुई समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार।

केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1

1. **विकास भवन कॉरिडोर में फॉल्स सिलिंग** :- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या-1, पटना द्वारा बताया गया कि प्रथम तल का कार्य पूर्ण है। साथ ही भूतल का कार्य पूर्ण, द्वितीय तल का कार्य तथा तृतीय तल का कार्य पूर्ण हो चुका है। Patchup का कार्य हो रहा है तथा Debris हटाया जा रहा है।

   निदेश दिया गया कि Corridor की Painting करा दी जाय ताकि ललित कला एकेडमी से प्राप्त होने वाले Paintings को लगाया जा सके।

   कार्यपालक अभि. द्वारा बताया गया कि 02.11.2026 तक पेंट का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या-1/ मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण।

2. **विकास भवन परिसर में 04 लिफ्टों का अधिष्ठापन कार्य** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि तीन लिफ्ट आ गया है। अधिष्ठापन प्रारंभ है तथा एक अद्द दिनांक 20.11.2026 को स्थल पर उपलब्ध हो जायेगा। कार्यपालक अभियंता द्वारा यह भी बताया गया कि 15.12.2026 तक लिफ्टों का अधिष्ठापन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

   निदेश दिया गया कि बताए गए तिथि तक अधिष्ठापन कार्य पूर्ण कर लिया जाय। अन्यथा एकरारनामा के उल्लंघन के आरोप में सभी संबंधित पर कारवाई की जाएगी।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/मुख्य अभियंता, पटना/मुख्य अभियंता(विद्युत)

3. **लिफ्ट मेंटेनेंसस पॉलिसी** :- अभियंता प्रमुख, विद्युत द्वारा जानकारी दी गई कि विधि विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न भवनों में भवन निर्माण विभाग द्वारा लिफ्टों का अधिष्ठापन किया गया है। अधिष्ठापित लिफ्टों की संख्या 500 से अधिक है। इन लिफ्टों के मरम्मति एवं रख-रखाव हेतु किसी भी एजेंसी के साथ AMC नहीं है।

   अभियंता प्रमुख के द्वारा बताया गया कि अग्रेतर कार्रवाई प्रगति में है अन्य विभाग से रिपोर्ट प्राप्त करने की कार्रवाई की गयी है।

   निदेश दिया गया कि संबंधित विभागों से सहमति प्राप्त कर AMC हेतु प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाय। साथ ही लिफ्ट हेतु मेंटेनेंस पॉलिसी भी तैयार की जाय।

   अनुपालन :-अभियंता प्रमुख, विद्युत ।

4. **मुख्य सचिवालय सभागार का जीर्णोद्धार** :- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल-1 को निदेशित किया गया था कि मुख्य सचिवालय स्थित सभागार के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार कर इसका 3-डी आरेख प्रस्तुत किया जाय, परन्तु उनके द्वारा 3-डी आरेख प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि गम्भीर विषय है।

   मुख्य वास्तुविद को निदेश दिया गया कि 02 सहायक वास्तुविदों को इस कार्य के लिए अधिकृत किया जाय तथा उनसे प्रस्ताव प्राप्त किया जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/मुख्य वास्तुविद

5. **विश्वेश्वरैया भवन पार्किंग** :- मुख्य अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि पार्किंग स्थल के पुनर्आवंटन का प्रस्ताव तैयार है। निर्णय हेतु बैठक का प्रस्ताव प्रधान सचिव गृह को भेजा गया है।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/मुख्य अभियंता, पटना।

6. **विद्युत तार एवं उपकरणों की जांच हेतु प्रयोगशाला** :- अभियंता प्रमुख, विद्युत द्वारा बताया गया कि प्रयोगशाला अधिष्ठापन हेतु आर.एफ.पी. प्रकाशित किया गया है।

   निदेश दिया गया कि आवश्यक उपकरणों का क्रय एवं तकनीकी कर्मियों की सेवा प्राप्त करने की कारवाई की जाय।

   अनुपालन :-अभियंता प्रमुख, विद्युत।

7. **मुख्य सचिवालय एवं सिंचाई भवन के बीच के स्थल का विकास** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थल के विकास हेतु सिविल कार्य 15 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।

   निदेश दिया गया कि सिविल कार्य के साथ-साथ पौधा लगाने का भी कार्य किया जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/उद्यान प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2

1. **लोक सेवक आवास** :-कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि लोक सेवक आवास 1 अण्णे मार्ग के पहुंच पथ के नवीकरण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **03 देशरत्न मार्ग** :- कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि मुख्य वास्तुविद् से विमर्श कर परिसर के खाली स्थलों को अलग करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य वास्तुविद्।

3. **माननीय मंत्रियों के आवास की मरम्मति** :- संबंधित कार्यपालक अभियंताओं द्वारा बताया गया कि माननीय मंत्रियों को आवंटित आवास के मरम्मति कार्य प्रगति पर है।

निदेश दिया गया कि मरम्मति कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य वास्तुविद्।

4. **4के0जी0 (मुख्यमंत्री सचिवालय)**:- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पैनल रूम तैयार कर लिया गया है। शेष कार्य स्थगित है।

पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

1. **ए.जी. ऑफिस** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि बैरक क्रियाशील हो चुका है। मुख्य भवन का निर्माण बैरक के हटने के उपरांत किया जाएगा।

निदेश दिया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाय तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **जिला अतिथिगृह, पटना** :- जिला अतिथिगृह, पटना में अतिरिक्त कमरों के निर्माण के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि निविदा खोलने की तिथि 04.11.2026 है।

निदेश दिया गया कि समय पर निविदा का निष्पादन सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल /मुख्य अभियंता, पटना।

3. **एम.एल.ए./एम.एल.सी. आवासीय परिसर** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि परिसर में आगंतुकों हेतु शौचालयों का प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में समर्पित कर दी गयी है। बागवानी भी अभी तक विकसित नहीं किया गया है, जबकि रख-रखाव हेतु चयनित एजेंसी के कार्यों में बागवानी का रख-रखाव शामिल किया गया है।

निदेश दिया गया कि परिसर का साईट प्लान दिखाकर शौचालय निर्माण हेतु स्थल चिन्हित करा लिया जाय तथा यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाय।

कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-2, पटना को निदेशित किया गया कि योजना के अंतर्गत वीरचंद पटेल मार्ग स्थित बी0जे0पी0 कार्यालय के सामने मेन गेट का निर्माण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल /संरचना प्रमंडल संख्या-2/मुख्य अभियंता, संरचना/मुख्य अभियंता, पटना।

4. **संयुक्त कार्यालय भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि संरचना प्रमंडल सं0-1, 2 एवं 3 तथा विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-01 एवं संरचना एवं अधीक्षण अभियंता, विद्युत पटना अंचल के कार्यालय एवं अन्य कार्यालय जिनके लिए स्थल चिन्हित कर दिया गया है, उन स्थलों पर फिनीशिंग कार्य किया जा रहा है।

अनुपालन :-भू-संपदा पदा0/मुख्य वास्तुविद्/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3

उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल, पटना

1. **हॉस्पीटल भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा बैंक गारंटी जमा कर दिया गया है जो कि जाँच हेतु भेजा गया है। एकरारनामा हो गया है। NOC प्राप्त करने की प्रक्रिया की गई है। शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **मल्टीयूटीलिटी भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सिटींग अरेजमेंट प्लान मुख्य वास्तुविद् द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। मुख्य वास्तुविद् द्वारा बताया गया कि सिटींग अरेजमेंट प्लान विधि विभाग, बिहार को अनुमोदन हेतु भेजा गया है। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से भी अग्रेतर कार्रवाई किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/
मुख्य वास्तुविद/मुख्य अभियंता, पटना।

भवन प्रमंडल गर्दनीबाग, पटना

1. **मंत्री इनक्लेव** :-कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई कार्य हेतु चयनित एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/मुख्य अभियंता, विद्युत/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **मानवाधिकार आयोग भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि भवन के निर्माण हेतु 343 पाईल किया जाना है, जिसमें से 165 पाईल का निर्माण कर लिया गया है। शेष कार्य चल रहा है।

निदेश दिया गया कि समय-सीमा के अधीन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/मुख्य अभियंता, पटना।

4. **गर्दनीबाग स्थित आवासीय परिसर** :- कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि पदाधिकारी एवं कर्मचारी आवासन परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव तथा बागवानी कार्य पर विशेष ध्यान रखा जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/उद्यान प्रमंडल, पटना।

उद्यान प्रमंडल, पटना

1. एम0एल0ए0/एम0एस0सी0 परिसर में Perennial Plant लगाना है। पौधो की सूची एक सप्ताह में तैयार कर अनुमोदन प्राप्त करेगें। साथ ही कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-2, पटना को निदेश दिया गया कि आवासों के निर्माण कार्य में Landscape के कार्यों को भवनो के निर्माण कराने वाले संवेदक से कराया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल,/संरचना प्रमंडल संख्या-2, पटना।

पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर

1. **राजवंशीनगर स्थित स्पोर्टस** कम्पलेक्स में Walking track के कई जगह Gap है, जिसे अतिशीघ्र ठीक करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर/अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना

2. **राजवंशीनगर स्पोर्टस कम्पलेक्श**- परिसर के चहारदिवारी एवं Walking track के बीच के Gap की सफाई कर Paver या PCC कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर/अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना

3. **राजवंशीनगर आई.बी.**- राजवंशीनगर आई0बी0 के कमरों के आंतरिक साज-सज्जा एवं उपस्करों टी.वी. आदि को ठीक किया जाना आवश्यक है।

निदेश दिया गया कि सहायक वास्तुविदों को भेजकर प्रस्ताव तैयार कराया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर/मुख्य वास्तुविद्।

4. **वरीय पदाधिकारी आवास, शास्त्रीनगर** :- कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर को निदेशित किया गया कि शास्त्रीनगर स्थित वरीय पदाधिकारी आवास परिसर के दक्षिणी चहारदीवारी को उंचा करने का प्रस्ताव तैयार किया जाय। उंचीकरण इस प्रकार किया जाय कि यह सुंदर एवं टिकाउ हो।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर

भवन प्रमंडल, पटना

1. **श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मरम्मति कार्य प्रगति पर है।

निदेश दिया गया कि गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना

2. **एस.एस.पी. आवास** :- कार्यपालय अभियंता द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त एवं 02 पूर्व विधायकों द्वारा आवास खाली नहीं किए जाने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

निदेश दिया गया कि पूर्व विधायकों को नोटिश कर आवास खाली कराने की कारवाई की जाय तथा यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ की जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पटना

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

(प्रणव कुमार)
सचिव

ज्ञापांक- 2897 दिनांक- 30/10/16

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब-साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/10/16
मुख्य अभियंता, पटना।